राजस्थान सरकार
निदेशालय संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर
द्वितीय तल, ब्लाक 6, शिक्षा संकुल, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर
☎ 0141-2704357 ☏ 0141-2704358 email : dir-sans-rj@nic.in

क्रमांकः–निसंशि / शैक्षा–7 / पं.61–II / 2021 / 15959-71 दिनांकः– 9/6/2021

समस्त संस्था प्रधान
वरिष्ठ उपाध्याय / प्रवेशिका
उच्च प्राथमिक / प्राथमिक
संस्कृत विद्यालय

विषयः– सत्र 2021–22 हेतु नामांकन वृद्धि का विशेष प्रयास करने हेतु।

संस्कृत शिक्षा विभाग के समस्त राजकीय विद्यालयों में 7 जून 2021 से नवीन सत्र प्रारम्भ हो चुका है। वर्तमान में कोविड महामारी के कारण अधिकांश परिवारों की आय एवं आर्थिक स्थिति प्रभावित हुयी है। ऐसी स्थिति राजकीय विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा से बालक / बालिकाओं को जोडने का प्रयास अत्यन्त आवश्यक है। इस हेतु निम्न कार्यवाही सुनिश्चित करें।

1. सभी संस्था प्रधान अपनी संस्था परिक्षेत्र का सर्वे करा न्यूनतम 15 प्रतिशत छात्र संख्या वृद्धि का लक्ष्य पूरा करें।
2. विद्यालय में अध्ययनरत बालक / बालिकाओं के माध्यम से अभिभावकों से सम्पर्क कर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दें।
3. शिक्षा से वंचित व नवप्रवासित परिवारों से सम्पर्क कर अधिक से अधिक वंचितों को विद्यालय से जोडने का सार्थक प्रयास करें।

समस्त संस्था प्रधान निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सार्थक प्रयास करें तथा प्रगति स्थिति से संभागीय कार्यालयों के माध्यम से अवगत करावें। उदासीनता बरतने वाले संस्था प्रधानों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित की जाऐगी।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

9/6/2021
(डॉ. दीरघराम रामस्नेही)
निदेशक
संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर

www.rajteachers.com